## "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) समिति की दिनांक 08.08.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त :–

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शास0सं095/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल / 2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–3), दिनांक 29 नवम्बर, 2010 को संशोधित करते हुए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनांक 08.08.2022 को आयोजित की गयी, जिसमें निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी, पीलीभीत।
2. जिला विकास अधिकारी, पीलीभीत।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, पीलीभीत।
4. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, पीलीभीत।
5. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीलीभीत।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, पीलीभीत।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई, पीलीभीत।
8. जिला कृषि अधिकारी, पीलीभीत।
9. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, पीलीभीत।
10. जिला पंचायत राज अधिकारी, पीलीभीत।
11. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, पीलीभीत।
12. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत।

**1.** अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद–पीलीभीत के ग्रामीण क्षेत्रों में **"जल जीवन मिशन" (फेज–2)** कार्यक्रम के अन्तर्गत नयी पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित फर्म मै0 पी0एन0सी0 एस0पी0एम0एल0 ज्वांटट वैनचर, आगरा को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, पीलीभीत द्वारा 280 ग्राम पंचायतों के 452 राजस्व गामों की सूची आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध करायी थी। फर्म द्वारा 267 ग्राम पंचायतों के 430 राजस्व ग्रामों की 252 नग डी0पी0आर0 DWSM समिति द्वारा अनुमोदन कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की गयी है। जिसके सापेक्ष राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा 251 ग्राम पंचायतों के 412 राजस्व ग्रामों की 236 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं 234 नग डी0पी0आर0 के कवर एग्रीमेन्ट स्वीकृत है। फर्म द्वारा आगामी 03 दिवस में कार्यो की समय–सीमा की सूचना एवं कार्यो की प्रगति में सुधार नहीं किया जाता है तो अपने स्तर से शासन को पत्र प्रेषित करते हुये अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये तथा फर्म द्वारा जब तक अपनी प्रगति में सुधार नहीं किया जाता है एवं 14 नग परियोजनाओं में किये गये गृह संयोजन हेतु पाइप लाईन डालने हेतु तोड़ी गयी सड़कों का पुनःनिर्माण नहीं किया जाता है तब तक इनके execution के बिल को पोर्टल पर अपलोड न किया जाये। भविष्य में समिति की सहमति के बिना फर्म के किसी भी बिल का भुगतान न किया जाये।

(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता जल निगम)

**2.** मै0 पी0एन0सी0 एस0पी0एम0एल0–जे0वी0, आगरा के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि SLSSC द्वारा स्वीकृति परियोजनाओं के सापेक्ष 205 नग परियोजनाओं में निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं 06 माह लक्ष्य के सापेक्ष 5578

गृह संयोजन प्रदान किये गये है, जिसके कम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि 205 नग परियोजनाओं की कार्य प्रारम्भ एवं समापन की तिथि की सूचना 02 दिवस में उपलब्ध कराये जिससे कार्यो की समीक्षा निरन्तर की जा सकें, एवं 06 माह के गृह संयोजन लक्ष्य के सापेक्ष अपनी समस्त लक्षित परियोजनाओं पर कार्यो को व्रीव गति से कराये, जिससे गृह संयोजन का कार्य माह सितम्बर तक पूर्ण किया जा सकें तथा फर्म को प्रतिदिन गुगल शीट श्रमिकों की सूचना अपडेट किये जाने के निर्देश भी दिये गये।

(कार्यवाही – मै0 पी0एन0सी0 एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, आगरा)

3. अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद–पीलीभीत के ग्रामीण क्षेत्रों में **''जल जीवन मिशन'' (फेज–3)** के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित फर्म मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट प्रा0लि0, को जनपद पीलीभीत की नवीन परियोजनाओं के निर्माण एवं 10 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव हेतु सूचीबद्ध किया गया है, के कम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, पीलीभीत द्वारा जनपद की नवीन परियोजनाओं हेतु 374 नग ग्राम पंचायतों के 760 राजस्व ग्राम की सूची आवश्यक कार्यवाही हेतु उपलब्ध करायी गयी थी। फर्म द्वारा 48 ग्राम पंचायतों के 89 राजस्व ग्रामों की 26 नग डी0पी0आर0 DWSM समिति द्वारा अनुमोदन कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की गयी है। 374 नग ग्राम पंचायतों के 760 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 146 नग ग्राम पंचायतों के 343 राजस्व ग्रामों में भूमि उपजिलाधिकारी द्वारा प्राप्त करा दी गयी है, जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवशेष निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराने हेतु पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है।

(कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता जल निगम)

4. मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट प्रा0लि0 के प्रतिनिधि को यह निर्देश दिये गये कि प्राप्त भूमि के सापेक्ष समस्त ग्रामों की डी0पी0आर0 02 सप्ताह में प्रेषित करना सुनिश्चित् करें।

(कार्यवाही – मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट प्रा0लि0)

( पुलकित खरे )
जिलाधिकारी,
पीलीभीत।

# कार्यालय जिलाधिकारी, पीलीभीत।

पत्रॉक : 1425/ बैठक कार्यवाही (एम0–13)/2020–21/138 दिनांक : 16-08-2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (मु0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
5. मुख्य विकास अधिकारी, पीलीभीत।
6. जिला विकास अधिकारी, पीलीभीत।
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), पीलीभीत।
8. मै0 पी0एन0सी0 एस0पी0एम0एल0 ज्वांइट वैन्चर, आगरा।
9. मै0 विश्वराज इनवायरमेन्ट प्रा0लि0।

जिलाधिकारी,
पीलीभीत।

16/8/22

P.N.New/1355